

# अवैध नशे के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही

## पुलिस ने स्मैक सप्लायरों को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ धरपकड अभियान के दौरान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन तथा प्रवीण भूरिया अति. पुलिस अधीक्षक श्योपुर एवं प्रवीण अष्ठाना एसडीओपी अनुभाग बडौदा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कराहल निरी. यास्मीन खांन की टीम द्वारा 7.78 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक कीमती 78000/- रु की जप्त कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की है।

दिनांक 16.10.25 को जरिये मुखबिर सूचना पर आरोपी गोलू उर्फमनोज पुत्र नंदकिशोर कुशवाह उम्र 24 साल निवासी शंकरपुर कराहल के कब्जे से 6.17 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक कीमती 62000/- रुकी जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिस से आरोपी के विरुद्ध अप. क्र. 176/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पजंबीद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

आरोपी गोलू उर्फ मनोज कुशवाह के द्वारा उक्त स्मैक आशू उर्फ अनीस पुत्र अकबर खांन निवासी ऊधमपुरा मोहल्ला कराहल से खरीदना बताया जिससे आशू उर्फ अनीस खांन को प्रकरण मे आरोपी बनाया जाकर आरोपी आशू उर्फअनीस खांन के कब्जे से 1.61 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक कीमती 16000/- रु जप्त की गई।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कराहल निरी. यास्मीन खांन, सउनि रामवरन सोलंकी, सउनि बृजेश राजौरिया, प्रआर 266 हेमंत रावत, प्रआर 347 पवन शर्मा, प्रआर 350 हरिमोहन गुर्जर, प्रआर 403 विजय सिह जादौन, बृजमोहन गुर्जर, धर्मेन्द्र राठौर, पवन कटारे, विकाश शर्मा, अभिषेक गोत्तम, आर.चा. 199 खालिद खांन व साइबर एक्सपर्ट आर राज्वल्लभ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 20 लीटर अवैध कच्ची शराब पुलिस ने की जप्त

थाना कराहल अवैध शराब पकडी आरोपी मोनू पुत्र स्व. भागीरथ कुशवाह उम्र 26 साल नि. शंकरपुर कराहल को दि. 16.10.25 के 19.10 से 19.30 बजे स्थान स्टेडियम गेट के पास पनवाडा रोड शंकरपुर कराहल कब्जे से हा.भ. की बनी कच्ची शराब 07 ली. कीमती 700/- रु. की जप्त की। दि. 16.10.25 के 20.18 बजे अप. क्र. 178/25 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया हैं। अवैध शराब पकडी आरोपी राजू पुत्र बाबूलाल गुर्जर उम्र 31 साल नि. चारखम्बा कराहल को दि. 16.10.25 के 20.25 बजे स्थान मॉडल स्कूल के पास कराहल कब्जे से हा.भ. की बनी कच्ची शराब 06 ली. कीमती 600/- रु. की जप्त की। दि. 16.10.25 के 21.12 बजे अप. क्र. 179/25 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया हैं। थाना देहात अवैध शराब पकडी- आरोपी महावीर पुत्र साबूलाल नायक उम्र 35 साल नि. ज्वाड कीरपुरा को दि. 16.10.25 के 18.15 बजे स्थान मानसिंग नायक के वाडे के पास ग्राम ज्वाड कीरपुरा कब्जे से हा.भ. की बनी कच्ची शराब 07 ली. कीमती 700/- रु. की जप्त की। दि. 16.10.25 के 22.54 बजे अप. क्र. 284/25 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया हैं। थाना बड़ौदा सटोरिया पकड़ा आरोपी बाबूलाल पुत्र बद्रीलाल सुमन उम्र 45 साल नि. ललितपुरा को दि. 15.10.25 के 17.15 बजे स्थान बस स्टेण्ड के पीछे चंबल कॉलोनी पर सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिलाते पकड़ा कब्जे से सट्टा पर्ची, एक पेन एवं 560/-रु. नगज जप्त किये। दि. 15.10.25 के 18.49 बजे अप.क्र. 276/25 धारा 4(क) सट्टा एक्ट कायम कर लिया हैं। मारपीट फरि. छोटू पुत्र लक्ष्मण वैरवा उम्र 35 साल नि. अलापुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 15.10.25 के 20.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर ग्राम अलापुरा पर आरोपीगण महेन्द्र वैरवा, जितेन्द्र वैरवा नि. अलापुरा ने हिस्सा बंटवारे की बात पर फरि. एवं उसके भाई अशोक वैरवा को गंदी गंदी गालियां दी मना करने पर धारदार खुटिया से मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 15.10.25 के 21.39 बजे अप.क्र. 277/25 धारा 296,115 (2).118(1),351 (2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं। फरि हंसराज पुत्र मोरपाल गुर्जर उम्र 45 साल नि. पनवाडा ने रिपोर्ट की कि दि. 15.10.25 के 19.00 बजे स्थान फरि के घर के अन्दर ग्राम पनवाडा पर आरोपीगण रामचरत गुर्जर, गिर्राज मीणा, राहुल मीणा, दिलखुश गुर्जर नि.गण पनवाडा ने फरि के घर में घुसकर फरि. की पत्नी दिलवर बाई पुत्र विशाल गुर्जर को पुराने विवाद को लेकर मारपीट की गंदी गंदी गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी। दि. 15.10.25 के 22.53 बजे अप.क्र. बजे अप.क्र. 278/25 धारा 333,296,115 (2),351 (2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

# श्योपुर में पहली बार मनाया जाएगा सीप नदी महोत्सव

जिले की जीवनरेखा को मिलेगी पहचान



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के मार्गदर्शन में लोक संस्कृति परम्पराओं एवं पौराणिक धरोहरों को सहेजने संवारने एवं राज्य स्तर पर पहचान दिलाने नित नये प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से श्योपुर जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली सीप नदी के संरक्षण और महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में पहली बार च्ब्सीप नदी महोत्सवज्ञ का आयोजन किया जायेगा।

अपर कलेक्टर उपाध्याय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह उत्सव 2 से 3 दिनों तक चलेगा, जिसकी तिथि विचाराधीन है। महोत्सव के पूर्व सीप नदी परिक्रमा आयोजित की जाएगी। जिले के विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी चुनरी यात्रा के साथ नदी पूजन करेंगे। इसके अतिरिक्त सीप नदी के योगदान पर परिचर्चा, व्याख्यान, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सीप नदी का उद्गम कराहल तहसील के पनवाड़ा गांव से होता है तथा यह मानपुर के समीप रामेश्वर त्रिवेणी संगम में चंबल नदी में मिल जाती है। नदी के तट पर अनेक प्रसिद्ध देवस्थल स्थित हैं, निमोदा मठ के कमलेश्वर महादेव, नयागांव के रामेश्वर महादेव, श्योपुर के सोमेश्वर महादेव, पंडित घाट के भुवनेश्वर महादेव, तथा मानपुर के मानेश्वर महादेव प्रमुख हैं। इसी त्रिवेणी संगम पर हर वर्ष लगने वाला रामेश्वर मेला जिले का सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन माना जाता है। सीप नदी पर स्थित आवदा बांध जिले के अनेक गांवों की फसलों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराता है और लगभग 50 गांवों को निस्तार प्रदान करता है। इस प्रकार यह नदी जिले के धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक जीवन से भी गहराई से जुड़ी हुई है।

## खिरखिरी में 26 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।जिला आबकारी अधिकारी श्री सिकरवार ने बताया कि वृत्त कराहल के ग्राम खिरखिरी में दबिश दी गई, कार्यवाही में मौके से 26 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद की गई एवं मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत 01 प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण में जप्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 5200 रुपये आंकी गई है।

# कलेक्टर के मार्गर्शन में शिक्षकों को मिला जीवन कौशल प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के कराहल विकासखंड में बालिकाओं के बेहतर भविष्य को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट ने जिला शिक्षा केंद्र श्योपुर के सहयोग से कराहल के 74 सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय जीवन कौशल शिक्षक प्रशिक्षण का दूसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह प्रशिक्षण 14 से 16 अक्टूबर 2025 तक एकलव्य आवासीय विद्यालय, कराहल में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को आत्म-जागरूकता, प्रभावी संवाद, सामाजिक जागरूकता, आत्म-क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता, दृढ़ता से अपनी बात रखने और किशोरावस्था में होने वाले बदलावों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों चरण सिंह धाकड़, सुश्री पूजा कुमारी, वीरेंद्र कुमार और हरिशंकर शर्मा ने इन विषयों पर गहन प्रशिक्षण और अभ्यास करवाए, जिससे शिक्षकों में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण विकसित हुआ। कार्यक्रम में बालिका शिक्षा कार्यक्रम के प्रोग्राम ऑफिसर बबलू यादव और सुश्री गीतिका अग्रवाल ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप बालिकाओं के लिए जीवन कौशल शिक्षा की अत्यंत आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की।

# आपात स्थिति में सीपीआर बचायेगा जान-सिविल सर्जन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग स्टाफ को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देने का तरीका समझाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. आर. बी. गोयल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. विष्णु गर्ग, डॉ. जितेन्द्र यादव और डॉ. प्रेमराज मीणा मौजूद रहे।

सिविल सर्जन डॉ. आर. बी. गोयल ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नर्सिंग स्टाफको आपात स्थिति में सही और त्वरित कदम उठाने के लिए सशक्त बनाना है। इस तरह का प्रशिक्षण जीवन रक्षक साबित हो सकता है और जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाने में मदद कर सकता है।

प्रशिक्षण में नर्सिंग स्टाफ को बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को हृदय रुकने, बेहोशी, सांस न लेना, गले में कुछ फंसना या दुर्घटना के कारण सांस रुक जाने जैसी स्थिति में पाया जाए तो तुरंत क्या करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पहले व्यक्ति को समतल स्थान पर लेटाएं, उसकी पीठ थपथपाएं, नाम पूछें और उसकी प्रतिक्रिया देखें। यदि वह प्रतिक्रिया न दे रहा हो और सांस नहीं ले रहा हो, तो तुरंत उसकी छाती के बीच हथेली रखकर दबाव डालें। यह प्रक्रिया 30 बार करें, फिर गैम्बुबैग का उपयोग कर कृत्रिम सांस दें। फिर से 30 बार छाती दबाएं। यह प्रक्रिया 8-10 बार तक जारी रखनी चाहिए जब तक व्यक्ति होश में न आ जाए या मेडिकल टीम पहुंच जाए।

# संतोष ने अपनाया पराली प्रबंधन का आधुनिक तरीका, सुपर सीडर से की बुवाई



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर लगातार चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान का सकारात्मक असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। जिले के किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

इसी कड़ी में कराहल विकासखण्ड के ग्राम खिरखिरी के किसान संतोष धाकड ने पराली जलाने के बजाय सुपर सीडर मशीन से पराली का समुचित प्रबंधन किया है, वे न सिर्फ धान फसल की कटाई कर रहे हैं, बल्कि चने एवं गेहूं की बुवाई के लिए भी सुपर सीडर का उत्तम उपयोग कर रहे है। संतोष बताते हैं कि सुपर सीडर से पराली खेत में ही मिल जाती है, जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ती है और अगली फसल के लिए जमीन उपजाऊ रहती है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा किसानों को निरंतर समझाया जा रहा है कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है बल्कि मिट्टी के पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं। प्रशासन की सतत जागरूकता से अब किसान वैज्ञानिक तरीके अपना रहे हैं, जिससे खेत उपजाऊ होने के साथ वायु प्रदूषण पर भी नियंत्रण मिल रहा है। संतोष धाकड जैसे किसानों की यह पहल अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

## अनुशासन कठिन, लेकिन देता है उत्कृष्ट परिणाम- पांडे

श्योपुर। शासकीय सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में शासकीय महाविद्यालय श्योपुर के पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय बीसी पांडे के परिवार के सदस्य श्रीमती हेमा, श्रीमती रीमा एवं अमित पांडे, ने विद्यालय का भ्रमण किया। इस मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को देशभक्ति, अनुशासन और शिक्षकों के सम्मान का संदेश दिया। पांडे परिवार ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी दिए, जिनकी कुल राशि 2100 रुपये थी। विद्यालय में उनके आगमन का स्वागत माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक खंडेलवाल और स्टाफने इस स्नेहपूर्ण आयोजन का हिस्सा बने। उल्लेखनीय है कि स्व. बीसी पांडे 40 वर्ष पूर्व शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य रह चुके है। उनका कार्यकाल शिक्षको एवं विद्यार्थियों के लिए अंत्यन्त प्रेरणादायी रहा, जो आज भी विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति दृढ संकल्पित होने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# त्योहारी सीजन में औचक निरीक्षण, खाद्य पदार्थों के लिये सैम्पल



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा त्योहारी सीजन के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच एवं सख्त कार्यवाही को लेकर सघन अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसके चलते जिले के विभिन्न क्षेत्रो में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में विजयपुर क्षेत्र में एसडीएम अभिषेक मिश्रा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन द्वारा गोपाल मिष्ठान भण्डार से मावा, पनीर, श्याम दूध डेयरी, गोयल दूध डेयरी एवं दीपू गोयल डेयरी से घी और क्रीम के सैम्पल लिये गये। उक्त नमूनों को जांच के लिए राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

एसडीएम श्री मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि सैम्पल अमानक पाये जाते है या मिलावटी होने की रिपोर्ट आती है तो विधिवत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही त्योहारी सीजन में इस तरह का संघन जांच अभियान जारी रहेगा।



## निगमायुक्त ने स्ट्रीट लाइट की स्थिति जांचने निगम के विद्युत विभाग का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर।** दीपावली के पर्व को देखते हुए नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विद्युत विभाग एवं साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निगम के विद्युत विभाग में पहुंचकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपावली के पर्व पर शहर में कहीं भी अंधेरा न रहे तथा शहर को रोशन करने के लिए 3500 स्ट्रीट लाइटें मंगवाई है। इन स्ट्रीट लाइटों को शहर के अंधेरे क्षेत्रों में लगाया जाना है साथ ही सभी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त ने कर्मचारियों की स्थिति एवं हाजिरी के बारे में पूछा।

इसके बाद हजीरा स्थित निगम के चार नंबर डिपो का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान डोर टू डोर टिपर वाहनों की स्थिति की जांच की तथा कर्मचारियों का हाजिरी रजिस्टर चेक किया। इसके बाद बिरला नगर, हजीरा, पिंटो पार्क, भाऊ साहब पोतनीस एन्क्लेव में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 01 रूपये में टीवी, ट्रॉली बैग एवं गिटार जैसे सामान पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे

स्वच्छता की दिवाली 01 रुपये वाली



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 17 अक्टूबर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नवाचार के रूप में प्रारंभ किए गए स्वच्छता की दीवाली 01 रूपय वाली अभियान के तहत आज जरूरतमंदों को 01 रूपये में सामान उपलब्ध कराया गया। जिसमें किसी ने टीवी तो किसी ने ट्रॉली बैग लिया। इसके साथ ही एक व्यक्ति को पांच-पांच सामान उपलब्ध कराये गए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, श्री उत्तम जखेनिया, नोडल अधिकारी आईईसी श्री मुकेश बंसल, सहायक नोडल श्री शैलेन्द्र सक्सेना सहित डिवाइन एवं म्यूज के वालंटियर उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा 13 अक्टूबर से चलाए जा रहे स्वच्छता की दिवाली 01 रूपये वाली अभियान के अंतर्गत शहर के चारों विधानसभा क्षेत्र में विशेष वाहन द्वारा लोगों के घर से निकलने वाले ऐसे अनुउपयोगी सामग्री को एकत्रित किया गया, जो कि दूसरों के काम आ सके। इस अभियान के तहत शहर के नागरिकों ने बडी संख्या में सामग्री निगम के वाहनों में जमा कराई। जिससे फूलबाग स्थित मछली घर आरआरआर सेंटर पर बडी संख्या में सामग्री एकत्रित हो गई। इस सामग्री को आज शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही शहर से सामग्री कलेक्शन का कार्य 20 अक्टूबर तक कराया जाएगा तथा फूलबाग स्थित आरआरआर सेंटर से निरंतर दिवाली बाद भी सामग्री का वितरण जरूरतमंद लोगों को किया जाता रहेगा। आज जरूरतमंद लोगों को ट्रॉली बैग, किताबें, कपडे, गद्दे, मच्छरदानी, ढोलक, जूते चप्पल, गैस चूल्हा, बक्से सहित अन्य सामग्री 01 रूपये में उपलब्ध कराई गई।

**अब होगा विक्रम का गिटार सीखने का सपना साकार:** नगर निगम द्वारा चलाए गए स्वच्छता की दिवाली 01 रूपये वाली के तहत आज फूलबाग क्षेत्र में रहने वाले 16 वर्षीय विक्रम राठौर को आज जब इस अभियान में 01 रूपये में गिटार मिला तो उसने कहा कि उसका अब गिटार सीखने का सपना पूरा हो जाएगा। क्योंकि इतना महंगा होने के कारण वह कभी नया गिटार लेने की सोच भी नहीं सकता था। उन्होंने कहा कि यह अभियान अच्छा है निरंतर चलना चाहिए।

**टीवी पाकर इमरान हुए खुश:** गुडी गुडा का नाका निवासी श्री इमरान ने बताया कि वह बहुत दिनों से अपनी माताजी के लिए टीवी लेने की सोच रहे थे। लेकिन मंहगाई होने के कारण वह टीवी नहीं ले पा रहे थे। लेकिन आज नगर निगम द्वारा चलाए गए स्वच्छता की दिवाली 01 रूपये वाली के तहत उन्हें 01 रूपये में टीवी मिल गई। जिससे अब वह अपने घर पर माताजी के साथ टीवी देख सकेंगे।

**खिलाने पाकर बच्चों की मनी दिवाली:** स्वच्छता की दिवाली 01 रूपये वाली अभियान के तहत आज नगर निगम ग्वालियर द्वारा जरूरतमंदों को सामान का वितरण किया गया। जिसमें बडी संख्या में खिलौने प्राप्त हुए। जब जरूरतमंद लोग सामान लेने आये तो उनके साथ बडी संख्या में बच्चे भी थे। निगमायुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर सभी बच्चों को खिलौने प्रदान किए गए। जिससे खिलौने पाकर बच्चे इतने खुश हुए और बोले हमारी तो मन गई दिवाली।

## यातायात को अवरूद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं गुमटी को हटाया



**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही दुकानदारों को यातायात बाधित न करने की चेतावनी दी गई। मदाखलत अधिकारी श्री सतेन्द्र भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान के निर्देशन में मडरे की माता चौराहा पर हाथ ठेले एवं गुमटियां लगा कर अस्थाई अतिक्रमण किया गया था, जिसको हटाया जाकर हाथ ठेला एवं गुमटी जब्त करने की कार्यवाही करते हुए यातायात सुमग किया गया। इसके साथ ही हाथ ठेला एवं गुमटी संचालकों को उक्त स्थल पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न किये जाने हेतु सख्त हिदायत दी गई। कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव एवं मदाखलत अमला उपस्थित रहा।

## यातायात को अवरूद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं गुमटी को हटाया

**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही दुकानदारों को यातायात बाधित न करने की चेतावनी दी गई। मदाखलत अधिकारी सतेन्द्र भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान के निर्देशन में मडरे की माता चौराहा पर हाथ ठेले एवं गुमटियां लगा कर अस्थाई अतिक्रमण किया गया था।

**आम - सूचना**

श्रीमती रामवती जाटव पत्नी श्री विजय सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.21(पी), स्थित ग्राम धरमपुरा, प.ह.नं.46, तहसील सेंवढ़ा व जिला दतिया (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.138 ग्राम धरमपुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 737.06 वर्गफुट है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में ग्राम पंचायत बड़ोखरी, जनपद पंचायत सेंवढ़ा, जिला दतिया के रिकॉर्ड के अनुसार, श्री विजय पुत्र श्री माखन के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री विजय द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती रामवती जाटव पत्नी श्री विजय सिंह के हित में ई-रजिस्टर्ड दानपत्र विलेख क्र.एमपी22आईजीआर17182025ए10070261 4 दिनांक 08.08.2025 को सम्पादित किया गया। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वर्ष 2025 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्रीमती रामवती जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मणप्पुरम होम फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा वर्ष 2025 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर**
**(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**